卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 254 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦21 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


# योग दिवस पर योगमय हुई देवभूमि

देहरादून/हरिद्वार। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रदेश भर में उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुध में आयोजित कार्यक्रम में पहुचंकर योग किया। योगाभ्यास के बाद अपने संबोध न में सभी को योग दिवस की हार्दिक बध सभी के समर्पण और दृढ़ता के कारण इस गंतव्य तक पहुंच सकी है। सनातन संस्कृति का उल्लेख करते हुये मुख्यमंत्री हमारे देश की 140 करोड़ जनता का मूल संस्कार भी है, जो सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार का रूप मानता है। इसी सिद्धांत कहा कि अनेकों वैश्विक चुनौतियों और षड्यंत्रों का सामना करने के बावजूद भारत ने कभी भी मानवीय मूल्यों से हटकर







वार पतंजलि योगपीठ फेज 2 हरिद्वार के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में योगाभ्यास किया इसके बाद उन्होंने जागेश्वर धाम ई व शुभकामना देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक दृढ़ संकल्प से प्रारंभ हुई ये यात्रा आज आप पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी गौरवशाली सनातन संस्कृति का मूल आधार 'वसुधैव कुटुम्बकम' है और यही को केंद्र में रखते हुए इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' तय की गई। मुख्यमंत्री ने आचरण नहीं किया और हमारी इस लोक कल्याणकारी अवधारणा का आधार हमारी संस्कृति है,(शेष पृष्ठ सात पर)


गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000


## चाकू के साथ संदिग्ध दबोचा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। चेकिंग के दौरान पुलिस ने मुखविर की सूचना पर एक संदिग्ध को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। बाजार चौकी के एसआई संदीप शर्मा टीम के साथ गश्त पर थे तभी सूचना मिली कि गांधी पार्क में एक संदिग्ध व्यक्ति चाकू लेकर घूम रहा है और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। जिस पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध को दबोच लिया उसके पास से रामपुरिया चाकू बरामद हुआ। पकड़े गये आरोपी ने अपना नाम खलील पुत्र (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में युवक ने दी जान

### परिजनों ने लगाया दो युवकों पर हत्या का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संदिग्ध हालतों में युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने मामले में दो युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 18 वर्षीय राज विश्वास पुत्र श्रीश विश्वास ने अपनी मां सुमन के साथ शांति कालोनी में किराये के मकान में रहता था। बीती शाम उसने संदिग्ध हालातों में अपने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। उस वक्त उसकी मां दुकान पर गयी थी। बताया जाता है कि मृतक का पड़ोस में रह रहे दो युवकों से विवाद हुआ था। उन्होंने राज को मारने की धमकी भी दी थी। परिजनों ने उक्त युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना के बाद से दोनों युवक फरार बताये जाते हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले (शेष पृष्ठ सता पर)

## रिसोर्ट में करेंट से श्रमिक की मौत

रामनगर(उद संवाददाता)। मंगलवार की देर शाम एक रिसोर्ट में कार्य करने वाले श्रमिक की रिसोर्ट में संदिग्ध परिस्थितियों में करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई घटना के बाद अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए मृतक के भाई जसपुर खुर्द काशीपुर निवासी वसीम ने बताया कि उसका भाई जाहिद जोकि(शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क हादसे में पत्नी की मौत,पति घायल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपति को रौंद दिया। हादसे में महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक काशीपुर के काजीबाग निवासी राजेश पाल मंगलवार की रात पत्नी 27 वर्षीय सोनी पाल के साथ बाइक से काशीपुर जा रहे थे। महेशपुर के पास बाइक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में महिला की मौत हो गई। जबकि राजेश पाल चोटिल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। बुधवार को एसआई मुकेश मिश्रा ने शव को पंचनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक राजेश पाल पत्नी के बरेली से वापस घर लौट रहे थे। यहां रम्पुरा में रिश्तेदार से मिलकर वापस काशीपुर जा रहे थे। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतका के दो बच्चे हैं।

## मैगी की दुकान में बेची जा रही थी अंग्रेजी व देसी शराब

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। निकरवर्ती ग्राम मोटाहल्दू में मैगी की दुकान खोल कर उसमें शराब की बिक्री कर रहे दुकानदार को पुलिस ने अंग्रेजी एवं देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।जानकारी के अनुसार हल्दूचौड़ पुलिस चौकी को मुखबिर से सूचना मिली कि मोटाहल्दू में अपनी मैगी की दुकान की आड़ में दुकानदार अवैध शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना पर चौकी इंचार्ज सोमेंद्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ गत देर शाम मोटाहल्दू मेन मार्केट स्थित मेगी की दुकान में औचक दबिश दी। दुकान के अंदर से 51 पव्वे मैकडॉवेल नंबर 1, 10 पव्वे देशी शराब और 3 अध्धे मसालेदार देसी शराब के बरामद हुए। चौकी प्रभारी सोमेंद्र सिंह ने बताया कि पूछताछ करने पर दुकानदार ने अपना नाम पता विक्रम पुत्र प्रमोद हाल निवासी मोटाहल्दू मूल निवासी अल्मोड़ा बताया है। जिसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा पंजीकृत (शेष पृष्ठ सात पर)

## नजूल भूमि फ्रीहोल्ड के लिए बस्तियों में लगेंगे कैंप

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नई नजूल नीति का लाभ सभी पात्रों तक दिलाने के लिए भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के नेतृत्व में भाजपा नेताओं का प्रतिनिधि मण्डल बुधवार को कार्यवाहक जिलाधिकारी एवं सीडीओ विशाल मिश्रा से मिला। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि नजूल नीति का लाभ सभी को नहीं मिल पा रहा था। जिसके चलते धामी सरकार ने हाल ही में नजूल नीति का सरलीकरण किया है। जिसके अंतर्गत अब 50 वर्ग तक के भूखण्डों को नि:शुल्क फ्रीहोल्ड करने का शासनादेश जारी किया गया है। लेकिन जानकारी के अभाव में इसका लाभ अभी भी पात्रों को नहीं मिल पा रहा है। श्री शर्मा ने सीडीओ से कहा कि नजूल नीति के सरलीकरण का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले इसके लिए सभी वार्डों में कैंप लगाये जायें। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता भी इसमें प्रशासन को पूरा सहयोग देकर अधिक से अधिक लोगों को नीति का लाभ पहुंचाने का प्रयास करेंगे। (शेष पृष्ठ सता पर)



## गौवंशीय पशुओं के सिर मिलने के मामले में अज्ञात लोगों पर केस

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सिडकुल क्षेत्र में गोवंशीय पशुओं के कटे हुए सिर और अन्य अंग मिलने के मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम को पुलिस को सूचना मिली कि सिडकुल सेक्टर-दो में बह रहे नाले में सड़क के दोनों ओर दो गोवंशीय पशुओं के सिर पड़े हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां दो सिर के साथ ही छह पैर और खाल (शेष पृष्ठ 7 पर)





# सनातन धर्म मंदिर परिसर में सैकड़ों साधकों ने किया योग

गदरपुर(उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारत विकास परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं पतंजलि योग समिति गदरपुर द्वारा बुध बाजार स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने हेतु योग शिक्षकों एवं साधकों ने मंत्रोच्चारण के उपरांत विभिन्न योग विधाओं का प्रदर्शन किया । योग शिक्षक महेंद्र छाबड़ा, रामप्रसाद ध्यानी, सुनीता बजाज और चंद्रिका फोगाट द्वारा भ्रामरी,कपालभाति, प्राणायाम, भस्त्रिका,सूर्य प्रणाम सहित तमाम योग की क्रियाओं का प्रदर्शन करने के साथ प्रशिक्षण भी दिया पतंजलि योग समिति की महिला इकाई की संयोजक सुनीता बजाज के दिशा निर्देशन में बालिकाओं द्वारा एकांकी नाटक और विभिन्न योग की कलाओं का सुंदर प्रदर्शन करते हुए लोगों को योग के प्रति जागरूक किया जिनमें दीपाली, नैना, रागनी ,सिमरन, वंशिका, कनन शामिल थी लोगों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया । नेहरू युवा केंद्र की मुस्कान चावला और तनीषा चावला द्वारा भी जन संपर्क करके मातृशक्ति को स्वस्थ रहने के लिए योग करने का आह्वान किया । सुनीता बजाज द्वारा सायंकाल 5:30 बजे योग कक्षा लगाकर श्री सनातन धर्म मंदिर में तथा महेंद्र छाबड़ा द्वारा प्रात: कालीन 5 बजे योग कक्षा लगाकर श्री शिव मंदिर में योग प्रशिक्षण का पुनीत कार्य किया जा रहा है । इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रामप्रसाद ध्यानी,राजकुमार सुखीजा, दीपक सुधा, विनोद चुघ,भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ प्रमोद गगनेजा, सचिव प्रमोद बजाज, कोषाध्यक्ष संजीव अनेजा, महिला संयोजिका श्रीमती ज्योति ग्रोवर के अलावा विधायक अरविंद पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, रविंद्र बजाज , सुभाष गुंबर, राजेश गुंबर, राजकुमार भुड्डी,अशोक हुड़िया, सुबोध शर्मा, सतीश बत्रा, मोहनलाल अरोरा, अनिल जेटली, अमित छाबड़ा ,गौरव मदान, राजीव ग्रोवर,प्रदीप भुड्डी, राकेश चावला ,पंकज बजाज ,डॉ अजय श्रीवास्तव , डॉ.अरविंद धवन, मनोज गुंबर , ज्ञानचंद बजाज ,पंकज सेतिया, दिनेश पांडे, प्रवीण गिलहोत्रा, राकेश चावला, कपिल अरोरा, कुलवीरी चौधरी, ज्योति चुघ, सरोज बजाज ,मीनू मालिक ,पूनम ग्रोवर , स्वर्णा अरोरा, दीक्षा बजाज, किरण अनेजा, निर्मला मित्तल ,बबीता शर्मा, संगीता ग्रोवर, पूनम जुनेजा, प्रिया तिवारी, बॉबी ढींगरा, रवीना, मंजू खुराना, प्रियंका मिश्रा, अनीता सुखीजा, निशा गगनेजा सहित तमाम योग साधक मौजूद रहे ।



## एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय में किया योग

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के कैडेट्स ने 78 यूके बटालियन एनसीसी हल्द्वानी के तत्वाधान में श्शअंतर्राष्ट्रीय योग डेश मनाया। कार्यक्रम में योगाचार्य राहुल पुरोहित, मंजू खनी एवं चंद्रिका फोगाड़ ने कैडेट्स को विभिन्न प्रकार के योगासन



सिखाए। इस दौरान सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल, कैडेट्स आलोक, विपिन, अभिषेक, रोहित, सोफिया, वंदना, मयंक, ऋषभ, अंशिता, अंजली पंत, अंजली आर्य, बबीता,दीक्षा,दीप्ति,प्रेरणा, सोनम, तृप्ता,वैशाली, सुहानी, नेहा, माया, राहुल, लक्ष्य, अविनाश, रंजीत, नंदकिशोर, अंकित, राजेश, विकास, गौरव, नैपाल, विपिन इत्यादि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन कप्तान डॉ शलभ गुप्ता ने किया।

## एसएस पब्लिक स्कूल में योग दिवस की धूम

गदरपुर(उद संवाददाता)। गूलरभोज रोड स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान एस. एस. पब्लिक स्कूल में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय में छात्र/छात्राओं के साथ 100 लोगों ने प्रतिभाग किया जिसमे पतंजलि योग समिति के शिक्षक महेंद्र छाबड़ा द्वारा योग की विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन करवाते हुए योग से लाभ एवं प्रतिदिन योगासन क्यों करना चाहिए पर अपने विचार रखने के साथ प्रशिक्षण दिया । योग शिक्षक देवेंद्र सिंह द्वारा योग विषय पर प्रकाश डालने के साथ विभिन्न



प्रकार की जड़ी बूटियों से रोगों का निदान और प्राकृतिक चिकित्सा के गहन सूत्रों का वर्णन किया । संघ के शिक्षक राजकुमार द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ एवं समापन भी करवाया गया । शिविर में पहुंची कार्यक्रम में पहुंची नेहरू युवा केंद्र की मुस्कान चावला एवं तनीषा चावला द्वारा सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुएष्करो योग रहो निरोगष्का संदेश देते हुए प्रतिदिन योग करने और स्वस्थ रहने का आह्वान किया । कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य परविंदर सिंह द्वारा विश्व योग दिवस पर शुभकामनाएं दी। सूक्ष्म जलपान के उपरांत शिविर का समापन किया गया। इस अवसर पर सुरेन्द्र प्रसाद, उमेश कुमार,पीटीआई केवल कम्बोज,सचिन बजाज, सोनम,वर्तिका ,तनु ,जसविंदर, आदि उपस्थित रहे।

## आरएएन स्कूल में धूमधाम से मनाया गया योग दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आरएएन पब्लिक स्कूल में 9वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। जिसमें अनेक अध्यापकगण तथा विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल केएनसीसी कैडेट और अन्य विद्यालय के भी 230 से अधिक एनसीसी के कैडेट व सी०टी०ओ०/ ए०एन०ओ० ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत ओम व गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने योग के माध्यम से शरीर के सामंजस्य को



कैसे ठीक रखा जा सकता है के लिए अनेक प्रकार के योग आसन किये। इस अवसर पर विंग कमांडर एच०के० राय, प्रबंधक मोहित राय तथा प्रधानाचार्य श्रीमती भावना भनोट भी उपस्थित रहे और उन्होंने शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को योगाभ्यास से होने वाले लाभों के संबंध में जागरूक करते हुए योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक फायदों को बताया व प्रतिदिन योगा करने के लिए प्रेरित किया।

## चिकित्सालय के बाहर से बाईक चोरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोर ने रामपुर रोड़ में निजी चिकित्सालय के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी कर ली। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। जानकारी के अनुसार पवन आर्या अपनी माता के नाम रजिस्टर्ड मोटरसाइकिल संख्या यूके 04 एबी 3258 पर सवार होकर धर्मपत्नी को रामपुर रोड में स्थित एक निजी अस्पताल में दिखाने गए थे। उन्होंने अस्पताल के सामने ही बाइक खड़ी कर दी। जब वह अस्पताल से बाहर आए तो उनकी बाइक नदारद थी। जब बाईक का कोई पता नहीं चला तो पवन ने कोतवाली में तहरीर दे दी। जिसके बाद पुलिस ने बाईक की खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस द्वारा अस्पताल के सीसीटीवी खंगालने पर मालूम हुआ कि उक्त बाइक चोर ने अस्पताल के भीतर आकर अस्पताल के कर्मचारी से किसी मरीज के संदर्भ में बात की और उसके बाद वह बाहर जाकर बाइक स्टार्ट कर एकदम भाग गया।

## हत्याकाण्ड के गवाह को जान से मारने की धमकी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर थाना क्षेत्र में हुए संदीप कार्की हत्याकाण्ड के मुख्य गवाह को जान से मारने की धमकी मिल रही है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दी गयी तहरीर में पंकज जोशी पुत्र पूरन चन्द्र जोशी निासी शांतिपुरी नंबर चार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह शांतिपुरी नंबर तीन निवासी संदीप सिंह कार्की पुत्र स्व0 जगत सिंह कार्की हत्याकांड में मुख्य गवाह है । हत्याकांड के आरोपियों द्वारा उसे जान से मारने की धमकियां दी जा रही है । जिससे उसे जान का खतरा बना हुआ है ।

## राज्यपाल से मिले सतपाल महाराज

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कैबिनेट मंत्री के साथ उत्तराखण्ड में पर्यटन के प्रोत्साहन हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। राज्यपाल ने हाल में ही उनकी मानसखण्ड मंदिर माला मिशन यात्रा के संबंध में पर्यटन मंत्री के साथ विस्तार से चर्चा की।

# पेट्रोल पंपों के सेल्समैन लोगों की जेबपर डाल रहे हैं डाका!

### दिखाते हैं पॉइंट जीरो लेकिन मीटर शुरू होता है 15 से 20 पॉइंट के बाद एक लीटर लेने पर 150 से 200 ग्राम पेट्रोल की हो रही खुलेआम चोरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र के तमाम पेट्रोल पंपों पर कार्यरत सेल्समैन ईमानदारी का लबादा ओढ़कर उपभोक्ताओं की आंख में धूल झोंकते हुए खुलेआम घटतोली करते देखे जा रहे हैं। वाहन चालकों की जेब पर डाका डालने का यह क्रम लंबे समय से चल रहा है लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी सब कुछ देख सुन कर भी अंजान बने हैं। उपभोक्ताओं को सीधे एक लीटर पेट्रोल की जगह 800 ग्राम तेल ही मिल रहा है। प्रति लीटर यहां 200 से 150 ग्राम की खुलेआम चोरी हो रही है। उसके बाद भी जिम्मेदार आंखे मूंदे हुए है। बताया गया कि शहर भर में कई कम्पनियों के



पेट्रोल पम्प है। अधिकांश पम्पों का हाल एक जैसा ही है। सूत्रों का कहना है कि पेट्रोल पंपों पर जैसे ही उपभोक्ताओं की भीड़ लगना शुरू होती है कार्यरत सेल्समैन अपना खेल शुरू कर देता है। वैसे तो अपनी ईमानदारी साबित करने के लिए अक्सर सेल्समैन उपभोक्ताओं से कहते हैं कि मीटर देख लीजिए लेकिन पर्दे के पीछे से चल रहा चोरी का खेल यहां लोगों को हैरान कर देगा। यानी पॉइंट जीरो कब 15 से 20 पॉइंट में तब्दील हो जाता है किसी को कुछ पता नहीं चलता। कई बार तो 30 पॉइंट से शुरू होता है मीटर। जानकार बताते हैं कि लूट का खसोट के इस खेल में जिम्मेदार अधिकारियों को लिफाफा नियत समय पर पहुंच जाता है यही कारण है कि वह सब कुछ देख कर भी अनदेखा कर देते हैं। एक और मजे की बात यह भी है कि अपनी ईमानदारी साबित करने के लिए पेट्रोल पंप ऊपर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कई बार घटतोली की शिकायत आम होने पर कैमरे की फुटेज में मीटर दिखाकर पेट्रोल पंप कर्मी बड़ी ही सफाई से पल्ला झाड़ लेते हैं लेकिन इसके पीछे की हकीकत बेहद भयावह है। यानी एक और कमरतोड़ महंगाई ने जहां लोगों को बेहाल कर रखा है वहीं दूसरी ओर पेट्रोल पंपों पर घटतोली के सहारे डीजल पेट्रोल की चल रही चोरी ली सरकार की व्यवस्था की तमाम पोल खोल कर रख दी। मजे की बात तो यह है कि जिम्मेदार अधिकारियों के अलावा कंपनियों के अधिकारी भी घाटोली के इस खेल पर अंकुश लगाने के लिए कभी कोई सार्थक कदम नहीं उठाते।

## पेट्रोल पम्प पर नहीं मिल रही सुविधाएं

रामनगर(उद संवाददाता) रोड पर एसपीएनजी के समीप स्थित एक पेट्रोल पंप पर हवा की सुविधा नहीं है। पेट्रोल पंप के बाहर सड़क पर पंचर और हवा की दुकान चलाने वाला एक व्यक्ति हवा भरने के नाम पर मनमाना पैसा वसूल कर रहा है। पेट्रोल पंप पर हवा भरने की कोई व्यवस्था न होने के कारण यहां वाहन चालकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसी तरह महेशपुरा पुलिया के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर अक्सर हवा भरने के नाम पर कर्मचारियों द्वारा वाहन चालकों को बहानेबाजी अथवा परेशान करने का काम किया जाता है।

# एशियाई गेम्स के लिए भारतीय जु-जित्सू टीम में चयनित हुए कमल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। 19वें एशियाई गेम्स, होंगझाऊ, चीन के लिए भारतीय जु-जित्सू टीम में उत्तराखंड राज्य के कमल सिंह को जगह मिली है। 19वें एशियाई गेम्स के लिए चयनित आठ पुरुष व आठ महिला सहित कुल16 सदस्यीय टीम का सलेक्शन हुआ है। जिसमें से दो खिलाड़ी नव्या पांडे व कमल सिंह उत्तराखंड से है। जानकारी देते हुए कमल सिंह के कोच व जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर (रजि) के महासचिव सिहान ऋषि पाल भारती ने बताया कि दिनांक 20 जून 2023 को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम, हल्द्वानी में जुझ्रजित्सू एशोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रेंशी विनय जोशी व महासचिव सेंसेई अमित अरोरा के दिशा निर्देशन में भारतीय जुझ्रजित्सू टीम का चयन ट्रायल किया गया। जिसमें 16 सदस्यीय भारतीय टीम में 8 पुरुष एवं 8 महिलाओं का चयन किया गया।




कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय ओलंपिक संघ की ज्वाइंट सेक्रेटरी व बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की अध्यक्ष प्रोफेसर अलकनंदा अशोक, कु. वि. वि. क्रीड़ाधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा, डीएसओ नैनीताल रसिका सिद्दीकी, भारत भूषण चुग, ललित कर्नाटक, देवेंद्र रावत, विनोद लखेरा, जुजित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारी विजेंद्र खरसोदिया, सिराज अहमद, पावन सिरोही, कन्हैया लाल, राष्ट्रीय रेफरी आकाश राठौर सहित सभी ने संयुक्त रूप से सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी। कोच भारती ने बताया कि सभी चयनित खिलाड़ियों को भारतीय जुजित्सू संघ द्वारा एशियन गेम्स में बेहतर प्रदर्शन के लिए नेशनल कैंप आयोजित किया जाएगा। भारती ने कहा कि कमल सिंह के परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है उसके बावजूद भी उसने अपना हौसला नहीं खोया और अपने खेल के दम पर आज एशियन गेम्स के लिए भारतीय जुजित्सू टीम में शामिल होकर राज्य का नाम रोशन किया है। कमल की उपलब्धि पर राज्य के तमाम खिलाड़ियों के बीच खुशी का माहौल है। चयनित होने के बाद कमल को सोशल मीडिया एवं व्यक्तिगत रूप से बधाइयां दी जा रही हैं। इस मौके पर जिला जुजित्सू संघ के समस्त पदाधिकारी, भारत भूषण, सिहान किशोर सिंह, सेंसेई जॉनी हीराम तिग्गा, सेंसेई शोभा तिग्गा, शंकर सिंह बसेरा, राजीव राना, डॉ. कमला भारद्वाज, हिमा भट्ट, गंगा मेहरा, कैनेथ लाल, शिव चरण, बलवंत सिंह, वसीम खान, मिंटू सैनी, मुकेश सैनी, अभिषेक राजपूत, नरेंद्र सिंह, यतेंद्र कुमार, विजेंद्र चौधरी, प्रो. डीडी जोशी, नीतीश कुमार, सतनाम चावला, एजे बटसर, साधना बटसर, रघु रावत, अमन सिंह, विकास कुकरेजा, शैलेंद्र सिंह, रघुवीर सिंह विर्क, शेखर सक्सेना, चेतन धीर, जसविंदर सिंह, अपूर्व सिंह, प्रेम चौहान, अमन सिंह, सहित अनेकों खेल प्रेमी जनता व विभिन्न संगठनों ने बढ़ाई दी।

# महिला ने पति पर लगाया मारपीट करने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक महिला ने पति पर अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट करने और बच्चों को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंदिरा कालोनी गली नं. चार निवासी श्रीमती रजनी पत्नी उमेश प्रजापति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति उमेश प्रजापति पुत्र बाबू राम प्रजापति द्वारा आये दिन उसके साथ मारपीट की जाती हैविगत दिवस उसका पति नाबलिग पुत्र हर्ष व प्रिंस को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया था । पीड़िता ने कहा कि वह अपनी बहन प्रीती की दुकान गली नं0 04, इन्द्रा कालोनी में बैठी थी तभी पति उमेश प्रजापति अपने साथी विक्की, अजय, रवि व कुछ अन्य लोगो को लेकर वहां आया और गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगा। जिससे उसे खुली व गुम चोटें आई हैं। पीड़िता का कहना है कि उसे पति से जान का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विद्या मन्दिर स्कूल में योग दिवस पर किया योगाभ्यास

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 9 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिल गर्ग, विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार मिश्रा, अभिभावक एवं भैया बहिनों सहित 175 लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिल गर्ग ने योग की प्राचीन परंपरा पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य उमराव सिंह मनराल ने सभी से



चौहान, कोषाध्यक्ष नवीन गोयल, नगर संघचालक सुरेश जोशी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य उमराव सिंह मनराल ने दीप प्रज्वलन कर किया। योग शिक्षक मोहित गहतोड़ी ने विभिन्न प्रकार के योग कराए एवं सुरेश जोशी ने कार्यक्रम में किए गए प्रत्येक योग के महत्व पर भी चर्चा की। इस अवसर पर नगर के गणमान्य लोगों में राजेश शैली, सुमन राय, मदनलाल मित्तल, मदन मोहन प्रतिदिन योग करके अपने जीवन को स्वस्थ बनाए रखने की अपील की एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य अमित खरे, सुनील पाठक, दिनेश मिश्रा, अरविंद शर्मा, रमेश जोशी, डॉ0 लोकेश गंगवार, दिनेश गंगवार, वेद प्रकाश, गीता परिहार, एवं हेमराज राणा सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन संतोष मिश्रा ने किया।

# भारत विकास परिषद ने आयोजित किया योग शिविर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद की की चारों शाखाओं रुद्रपुर शाखा, विवेकानन्द शाखा,शहीद ऊधम सिंह शाखा तथा वीर सावरकर शाखाओं के अध्यक्ष के साथ भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वन्दे मातरम् गायन कर किया गया । कार्यक्रम में प्राणायाम के अभ्यास के उपरान्त राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। योग दिवस कार्यक्रम में भारत विकास परिषद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील खेड़ा, अभी अग्रवाल, हरीश ग्रोवर, शशांक गुप्ता, अभय गोयल, विपिन गुलाटी, वीरेंद्र सुखीजा, शक्ति बटला, यमन बब्बर, सनी धवन, विमल अरोरा, प्रतीक तुलसियान,





शाखा द्वारा संयुक्त रूप से योग शिविर आयोजित किया गया। योग शिविर का शुभारम्भ भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील खेड़ा जी द्वारा चारों योगाचार्य विवेक वरुण ने उष्ण व्यायाम से प्रारम्भ कर विभिन्न प्रकार के आसनों का अभ्यास कराया। उसके पश्चात् उन्होंने 13 मन्त्रों के साथ सूर्य नमस्कार कराये। अन्त खेड़ा, संजय राधू, मनोज अरोरा, विष्णु सक्सेना, कीर्ति निधि शर्मा, संजय ठुकराल, हरनाम चौधरी, अरुण अग्रवाल, दीपक अरोरा, सुनीता खेड़ा, स्नेहा राधू, संजय ललित मोहन, गर्व बटला, कृष्णा शुक्ला, हिमांशु पांडे, पारस गोयल, अभय सक्सेना, हिमांशु जोशी, कमल प्रकाश सिंह, विशाल, रुचि अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# एससी गुड़िया आईएमटी में मनाया गया योग दिवस

काशीपुर(उद संवाददाता)। बाजपुर रोड स्थित सत्येन्द्र चन्द्र गुड़िया इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट एण्ड लॉ कॉलेज, काशीपुर के प्रांगण में आज दिनांक 21 जून 2023 को 9वां अन्तर्राश्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ फैकल्टी, स्टाफ एवं कर्मचारियों ने योग का अभ्यास किया। योग प्रषिक्षक दीपक गुप्ता ने सूर्य नमस्कार से योग का आरम्भ कराया तथा क्रमानुसार गरूड़ आसन, बज्र आसन, चक्रासन, सलभ आसन, भुजंग आसन, धनुरासन, सर्वांगासन,




मण्डूक आसन, पष्चिमोत्तासन, कपालभाति व अनुलोम-विलोम का अभ्यास कराया। अन्त में योग का महत्व बताते हुए दीपक गुप्ता ने बताया कि योग षारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है एवं योग करें और हमेषा निरोग रहें। भारत में कोरोना काल के बाद योग का महत्व अधिक बढ़ गया है। 21 जून को योग दिवस के रूप में मनाने की वजह इस तारीख को सबसे लम्बा दिन होता है जिसे ग्रीश्म संक्राति कहते हैं। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. केवल कुमार, निदेषक प्रशासन पवन कुमार बक्षी, प्राचार्या (यूजी) डॉ. निमिशा अग्रवाल, रजिस्ट्रार विशाल शर्मा, कुलदीप शर्मा,घनश्याम, अभय कुमार, आरडी शर्मा, राजहंस श्रीवास्तव, रितेश कण्डारी, गौरव कुमार पाठक, अनीस अहमद, सिमरन सैठी कुकरेजा, पंकज रावत, अंकुश शर्मा, आनन्द सिंह, अर्शी सिद्दीकी, सुगंधा सिंघल, शाहनवाज, अर्पण अरोरा, माधो सिंह, बचन सिंह, राजू, मोनी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# उत्तराखण्ड में बन रहे सांप्रदायिक माहौल पर रोक लगाने की मांग

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।भाकपा, माकपा, भाकपा (माले) के आह्वान पर पुरोला उत्तरकाशी सहित उत्तराखंड के कई इलाको में मुस्लिम परिवारों के खिलाफ हिंदुवादी संगठनों द्वारा बनाये जा रहे सांप्रदायिक माहौल पर रोक लगाने की मांग पर एक दिवसीय धरना अंबेडकर पार्क में दिया गया। इस दौरान हुई सभा को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) के नैनीताल जिला सचिव डॉक्टर कैलाश पांडेय ने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार जनता की बुनियादी समस्याओं से जनता को निजात नही दिला पा रही है। लेकिन वर्षों तक सत्ता पर राज करने की आकांक्षा से मोदी नेतृत्व की भाजपा सरकारें अपने फासीवादी चरित्र के अनुसार जनता को सांप्रदायिक आधार पर बाँटने का काम कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री बार-बार 'लव जिहाद -लैंड जिहाद' बोल कर संप्रदायिक एजेंडा चला रहे हैं। प्रदेश में अंकिता



हत्या और पेपर लीक कांड में भाजपा के नेताओ का हाथ होने के बाद और बेरोजगारी, छंटनी, गरीबों के आशियाने व रोजगार छिनने के बाद सरकार के खिलाफ जनता में उपजे आक्रोश से ध्यान हटाने के लिए भाजपा सांप्रदायिकता का सहारा ले रही है। मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने कहा कि 26 मई 2023 को पुरोला में एक लड़की के अपहरण का आरोप एक मुस्लिम और एक हिंदू युवक पर लगा। पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए दोनों युवकों को गिरफ्तार किया गया। लेकिन उसके बावजूद जैसे इस मामले को तथाकथित 'लव जेहाद' की घटना बना कर पेश किया गया। सांप्रदायिक संगठनों द्वारा इसकी आड़ में पुरोला में अल्पसंख्यकों को दुकानें खाली करने की चेतावनी देने के साथ ही जिस तरह भयाक्रांत करने की कोशिश की गयी, वह बेहद निंदनीय है। अल्पसंख्यकों के विरुद्ध इस तरह की हिंसा और घृणा की अभिव्यक्ति ने पूरी दुनिया में उत्तराखंड की छवि को दागदार किया है। भाकपा (माले) नेता के के बोरा ने कहा कि प्रदेश के उद्योगों में छटनी चल रही है, चीनी मिलो का निजीकरण हो रहा है, मजदूर परेशान है लेकिन सरकार कॉर्पोरेट के साथ खड़ी है और जनता में संप्रदायिक विभाजन कर रही है। सभा की अध्यक्षता भाकपा नेता एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने की, संचालन भाकपा (माले) जिला सचिव ललित मटियाली ने किया। धरने को इंकलाबी मजदूर केंद्र के शहर सचिव, माकपा नेता माशूक अली और जगदेव सिंह ने भी संबोधित किया। धरने के बाद महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में दिया गया। धरने में मजदूर सहयोग केंद्र के मुकुल,दीपिका भारती,कमल जोशी ,धर्मेंद्र पटेल, अंबिका प्रसाद, विजय शर्मा ,पप्पू, लखविंदर सिंह, रंजीत सिंह, अमरिक सिंह, राजेंद्र शाह, नैन सिंह कोरंगा वामपंथी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में हर्षदीप का शानदार प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।राजस्थान के उदयपुर में 16 से 18 जून तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल के हर्षदीप सिंह का शानदार प्रदर्शन रहा। प्रतियोगिता में उन्होंने 9 में से 6.5 से बनाकर अंडर 13 कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया और अपनी अंतरराष्ट्रीय रेटिंग में 90 अंकों का इजाफा किया। प्रतियोगिता में भारत के अलावा यूएसए और साउथ अफ्रीका के खिलाड़ियों ने भी प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में हर्षदीप सिंह ने लगातार छह मैच जीतकर पूरी प्रतियोगिता में एक बार बढ़त भी बनाई। हर्षदीप की इस उपलब्धि पर शतरंज खिलाड़ियों और



शतरंज प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी। स्कूल प्रबंधक दीपक बल्यूटिया, चेयरपर्सन डॉ गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर ने समस्त विद्यालय परिवार की ओर से हर्षदीप को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य को लेकर शुभकामनाएं प्रेषित की।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर


Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# मैक्स हॉस्पिटल ने शुरू की रेडिएशन ओपीडी

## देहरादून में कैंसर मरीजों को मिलेगा और बेहतर इलाज

देहरादून(उद संवाददाता)। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल देहरादून क्षेत्र का एक लीडिंग हेल्थ केयर प्रोवाइडर है। अपनी हेल्थ सेवाओं को विस्तार देते हुए अस्पताल ने कैंसर मरीजों के लिए एक बेहतर कदम उठाया है और रेडिएशन ओपीडी की शुरुआत की है। कैंसर मरीजों के इलाज में रेडिएशन थेरेपी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल देहरादून में रेडिएशन ओपीडी शुरू होना कैंसर मरीजों को बेहतर केयर देने में एक अहम कदम है। रेडिएशन ट्रीटमेंट के लिए अलग से ओपीडी सेवा शुरू करना अस्पताल का कैंसर के खिलाफ लड़ाई में अहम कदम है। अस्पताल का मकसद ऐसे मरीजों को केयर और बेहतर परिणाम देना है। इस ओपीडी के जरिए ब्रेस्ट, फेफड़े, लीवर, सिर, गर्दन, यूरोलॉजी और पैंक्रियाज कैंसर का इलाज मुहैया कराया जाएगा। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, पटपड़गंज नई दिल्ली में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी की कंसल्टेंट डॉक्टर रश्मि शुक्ला द्वारा इस ओपीडी को शुरू किया गया। डॉक्टर रश्मि 10 साल से ज्यादा वक्त से रेडिएशन थेरेपी की प्रैक्टिस कर रही हैं और देश के अलग-अलग रेडिएशन सेंटर्स से प्रशिक्षित हैं। डॉक्टर रश्मि मैक्स हॉस्पिटल देहरादून में हर महीने के दूसरे शुक्रवार को ओपीडी में मरीजों को देखेंगी। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल देहरादून में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी की प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉक्टर मनीषा पटनायक ओपीडी लॉन्च के मौके थीं



और उन्होंने कहा, हमारा अस्पताल उत्तराखंड में एक बड़ा हेल्थ केयर सेंटर है जहां बेहद जटिल से जटिल कैंसर सर्जरी की जाती हैं। यहां माइक्रो-वैस्कुलर रिकंस्ट्रक्शन के साथ सिर और गर्दन के कैंसर, स्तन कैंसर, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर सर्जरी की जाती है। इसमें विभिन्न प्रकार के कैंसर से पीड़ित लोगों की मदद के लिए एक डेडिकेटेड ट्यूमर बोर्ड भी है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल देहरादून में मेडिकल ऑन्कोलॉजी की कंसल्टेंट डॉक्टर रुनु शर्मा ने कहा, श्श्मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर देहरादून हर साल 200 नए कैंसर केस का इलाज करता है। इनमें से ज्यादातर मामलों में एक्टिव और हेल्दी लाइफस्टाइल से बीमारी से बचा जा सकता है और कैंसर पैदा करने वाले संक्रमणों के खिलाफ टीकाकरण से भी रोका जा सकता है। कैंसर से होने वाली इन मौतों की एक बड़ी संख्या को टाला जा सकता है। अगर बीमारी का शुरुआती स्टेज में पता लग जाए तो मरीज के ठीक होने की संभावना अधिक होती है। ओपीडी सेवा लॉन्च होने से मैक्स हॉस्पिटल देहरादून और आसपास के ज्यादा से ज्यादा मरीजों की सेवा कर पाएगा। अस्पताल ने पहले से ही अपनी अत्याधुनिक तकनीक और बेहतरीन मेडिकल व सर्जरी स्किल्स के साथ मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के रूप में खुद को स्थापित किया है। मैक्स अस्पताल का फोकस हमेशा दूसरे शहरों के लोगों पर रहा है ताकि उन लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवा पहुंचाई जा सके। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल देहरादून में ऑपरेशंस एंड यूनिट हेड के वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर संदीप सिंह तंवर ने कहा, मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में हमारा प्रयास हर आम आदमी को कैंसर से संबंधित मुद्दों से सभी जानकारी देना है। बड़े महानगरों से बाहर के मरीजों को अक्सर बेहतर इलाज पाने में मुश्किल होती है और इसलिए उन्हें मेट्रो शहरों की तरफ जाना पड़ता है। इसके अलावा, ऐसे मामलों का इलाज करने में समय बहुत महत्वपूर्ण है ताकि अंगों को होने वाले नुकसान को रोका जा सके। यह ओपीडी मैक्स अस्पताल देहरादून की हेल्थ सेवाओं को और मजबूत करेगी और शहर के मरीजों को उनके घर पर ही वर्ल्ड क्लास इलाज मिलेगा।

# मॉडल जिले के रूप में विकसित किया जा रहा चम्पावत : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय भारत सरकार के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनपद चम्पावत को आदर्श जनपद चम्पावत के रूप में विकसित करने हेतु किए गए कार्यों की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों के संबंध में आयोजित बैठक में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय भारत सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा चम्पावत में जाकर तैयार की गई Climate Adaptive Agriculture पुस्तिका का विमोचन किया और चम्पावत की विभिन्न भौगोलिक स्थिति और विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति पर आधारित ऑनलाइन डैशबोर्ड



का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मॉडल जिले के रूप में विकसित किया जा रहा चम्पावत न केवल उत्तराखण्ड के लिए बल्कि सभी हिमालयी राज्यों के लिए एक आदर्श बनेगा। चम्पावत के विकास के लिए चलाए जा रहे इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स देश के सभी पर्वतीय राज्यों और जिलों के लिए गाइडलाइन का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि चंपावत को आदर्श जिले के रूप में विकसित करने में यूकॉस्ट की अहम भूमिका है। हिमालय राज्यों में उत्तराखण्ड आदर्श बने इस पर तीव्र गति के साथ कार्य किया जा रहा है। विज्ञान एवं तकनीकी के माध्यम से चंपावत में विकास को कैसे स्थापित कर सकते हैं इस पर भी योजनाएं बनाई जाए। इस अवसर पर महानिदेशक न्ब्ब्ै प्रो. दुर्गेश पंत, अपर मुख्य सचिव श्रीमति राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव श्री आर. के सुधांशु, अतिरिक्त सचिव प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय डॉ. प्रीति बेजल, श्री राहुल नायर, प्रो. आर.एम पंत, कुलपति, असम केन्द्रीय विश्वविद्यालय आदि उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर बन रहा भारत : बहुगुणा

## कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने पत्रकार वार्ता में केंद्र व प्रदेश सरकार की गिनाई उपलब्धियां

सितारगंज (उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश रक्षा, मेडिकल समेत सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बन रहा है। पीएम मोदी ने कोरोना महामारी से देशवासियों को ही नहीं अपितु विश्व के 160 देशों तक भारत निर्मित वैक्सीन पहुंचाई। मंगलवार को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अपने आवास पर पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले नौ साल में अंतिम छोर के व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया। आज हर घर नल और शुद्ध जल योजना का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। 80 करोड़ लोगों को कोरोनाकाल से मुफ्त राशन वितरित किया जा रहा है ताकि कोई भूखा नहीं सोये। मोदी सरकार ने सभी देशवासियों के जनधन खाते खुलवाकर सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे पात्रों के खातों में डाला। डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत ने चाइना को पीछे कर दिया। आयुष्मान योजना से मुफ्त ईलाज कराकर देशवासियों की स्वास्थ्य का ध्यान रखा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि



राज्य के समग्र विकास के लिए केंद्र की महत्वाकांक्षी परियोजनायें स्वीकृत हुई। हर ब्लॉक में पशु एम्बुलेंस हैं। केदारनाथ, बद्रीनाथ सहित चार धाम के लिए परियोजनायें स्वीकृत दी। गौरीकुण्ड, केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुण्ड साहिब रोपवे का कार्य कुमाऊं की पौराणिक मंदिरों को भव्य बनाने के लिए मानसखण्ड मंदिर माला मिशन का कार्य, उधम सिंह नगरमें एम्स सेटेलाइट सेंटर समेत हजारों करोड़ की लागत से योजनाओं को मंजूरी दी है। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि सितारगंज विधानसभा क्षेत्र में एक वर्ष के भीतर 62 करोड़ की योजनाएं धरातल पर उतरी है। करीब 100 करोड़ से अधिक की चार बड़ी योजनाओं को मंजूरी मिली है। धामी सरकार ने एक वर्ष में रिकार्ड निर्णय लिये। 15 जून तक धामी सरकार ने गन्ना किसानों का बकाया भुगतान कर दिया है। दुग्ध उत्पादन में एक वर्ष में 8 से 11 रुपये प्रति लीटर की रिकार्ड बढ़ोत्तरी एक वर्ष में की। मत्स्य पालकों का बिजली बिल कामर्शियल से हटाकर कृषक में कर दिया। 81 करोड़ से गऊशाला बनाने को मंजूरी दी है। 27 हजार सड़कों में घूम रहे बेसहारा पशुओं को शरण मिलेगी। बेसहारा पशुओं के लिए गौशालाओं में 4.50 रुपये से बढ़ाकर 80 रुपये पशु आहार कर दिया है। भूसे के रेट नियंत्रित कर 50 प्रतिशत की सिब्सिडी कर दी है। पत्रकार वार्ता में मंत्री प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, रतन लाल गुप्ता, विजय सलूजा, पंकज रावत, अमित रस्तोगी, सौरभ सिंघल मौजूद रहे।

# रम्पुरा में मां भगवती का विशाल जागरण आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पानी की टंकी के पास स्थित शिव मंदिर रम्पुरा में मां भगवती का विशाल जागरण आयोजित किया गया। जिसमें उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ




उपाध्यक्ष मीना शर्मा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा ने भी पहुंचकर मां भगवती के जागरण में पूजा अर्चना की और देर रात्रि तक भजनों को सुना, और पुण्य लाभ अर्जित किया स इससे पूर्व पूजा अर्चना के बाद गुरु वंदना, सरस्वती वंदना और गणेश वंदना के पश्चात बाहर से आए भजन गायकों द्वारा मां भगवती के सुंदर सुंदर भजन प्रस्तुत किए गए। इस दौरान सजीव झांकियों के माध्यम से मां भगवती की महिमा का वर्णन किया गया। प्रातः काल मां भगवती की आरती के साथ उपस्थित जन समुदाय को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का पीत वस्त्र डालकर स्वागत किया गया। यहां गब्बर कोली, शंकर कोली, सुमन, ममता, कांता प्रसाद, सूरज, राकेश, दर्शन, पितांबर, कालीचरण, दिनेश, दीनानाथ, महेश, राम भरोसे सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# साध्वी पंकजा भारती ने समझाया योग का महत्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें साध्वी पंकजा भारती ने योग का महत्व बताते हुए कहा कि पूरे भारतवर्ष के अंदर 21 जून को ही योग दिवस क्यों चुना गया क्योंकि आज का दिन ग्रीष्म संक्रांति का



दिन है जो दक्षिणायन के लिए बहु प्रचलित है। आज के दिन सूर्य से पृथ्वी की दृष्टि से कर्क रेखा मकर में प्रवेश करती है और सूर्य की किरणें धरती पर लंबे समय तक रहती हैं। इसीलिए आज का दिन वर्ष का सबसे बड़ा दिन होता है यही कारण है। एक इंसान को दीर्घायु के लिए आज के दिन को चुना गया ताकि एक इंसान योग के साथ जोड़कर दीर्घायु को प्राप्त हो सके इसी कारण से दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से विलक्षण योग शिविर के तहत आरोग्य प्रकल्प के अंतर्गत आशुतोष महाराज जी ने योग के महत्व को बताते हुए कहते हैं योग हमारी प्राचीन धरोहर है। महर्षि पतंजलि जिन्होंने मानव समाज के समक्ष 196 सूत्रों को रखकर इसके महत्व को बताया। योग का एक ईश्वर से जुड़ना ही होता है ईश्वर के जुड़ने के लिए हमें अंतरमुखी भी होने की जरूरत है और अंतर्मुखी होने के लिए हमें एक परम मित्र गुरु की आवश्यकता है जो हमारे भीतर योग को प्रकट करे।इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा, राहुल गुप्ता, अनु भक्ति जैन, अमित जैन, प्रमोद बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# पीएम मोदी ने योग को दुनिया में दिलाई नई पहचान: शर्मा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाये जा रहे महाजनसंपर्क अभियान के तहत भाजपाईयों ने योग दिवस मनाकर लोगों को योग को जीवन में अपनाने के लिए जागरूक किया। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने आशुतोष विद्या मंदिर खोड़ा में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन में योग का महत्व बताया साथ ही कहा कि



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बदौलत भारत को योग के क्षेत्र में भी अलग पहचान मिली है। योग को दुनिया में पहचान दिलाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अहम भूमिका रही है। भारत की योग कूटनीति दुनिया के सभी देशों को सीधे तौर पर भारत के साथ जोड़ने में काफी सफल रही है। हजारों साल पहले हिंदू संतों की ओर से अभ्यास किया जाने वाला एक प्राचीन अनुशासन आज भारत की सबसे बड़ी सांस्कृतिक पहचान बन गया है। दुनिया के तमाम देशों का योग के प्रति झुकाव देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सत्ता आने के बाद 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को दुनिया में मान्यता देने के लिए संयुक्त राष्ट्र से पैरवी की और वह सफल भी हुए। पीएम मोदी के प्रयासों से हर साल बड़े उत्साह से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस आर वह खुद न्यूयॉर्क में योग दिवस की अगुवाई कर रहे हैं। प्रदेश मंत्री शर्मा ने कहा कि योग आज की जरूरत है। योग को दिनचर्या में शामिल करने की जरूरत है। योग से न सिर्फ शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूती मिलती है। आज जो भी बिमारियां पैदा हो रही हैं उनका सबका समाधान योग में हैं। उन्होंने सभी से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आहवान किया। इस अवसर पर मेयर रामपला सिंह, कार्यक्रम संयोजक रामप्रकाश गुप्ता, ,उत्तम दत्ता, नेत्रपाल मौर्य, शालिनी बोरा, पवन गुप्ता, राकेश, मुकेश पाल, चंद्र पाल ,मुक्ता प्रसाद राठौर, विनय विश्वास, सतपाल गंगवार, मदन शर्मा, चंद्रकला राय, रोहित गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

# आईजी ने की महिला हेल्प लाइन व हेल्प डेस्क के कार्यों की समीक्षा

## वीडियो कॉन्फ्रेंस में जनपदों में नियुक्त महिला चीता स्पेशल महिला स्क्वार्ड को दिए दिशा निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र डॉ. नीलेश आनन्द भरणे द्वारा परिक्षेत्र के जनपदों के महिला हैल्प लाईन, महिला हैल्प डेस्क , एएचटीयूएल प्रभारियों के कार्यों की वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जनपद ऊधमसिंहनगर स्पेशल महिला स्क्वार्ड को 3 स्कूटी उपलब्ध है, जिनके द्वारा वर्ष में अब तक के 33 शिकायतें प्राप्त हुई है।जिनका मौके पर निस्तारण किया गया है। जनपद चम्पावत में 1 स्कूटी उपलब्ध है जिनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। जो कि काफी कम है ऐसा प्रतीत होता है दोनो जनपदों द्वारा कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है। भविष्य मे समीक्षा किये जाने पर यदि स्थिति यही रही तो इनके वाहनों को परिक्षेत्र के कार्यालय में वापस कर जो अच्छा कार्य कर रहा है उनको आवंटित किया जायेगा। जनपद नैनीताल को 10 स्कूटी उलब्ध है। जिन्हें कुल 1652 शिकायतें प्राप्त हई तथा उनके द्वारा 1603 शिकायतों का निस्तारण किया गया जो कि अच्छी कार्यवाही है। नैनीताल टीम को पुरुस्कृत किया जाएगा।जनपद अल्मोडा को 5 स्कूटी, पिथौरागढ को 3 स्कूटी आवंटन है जिनके द्वारा संतोषजनक कार्यवाही की गयी है। गौरा शक्ति मॉड्यूल



में अब तक कुमायूँ परिक्षेत्र के जनपदों द्वारा 44307 पंजीकर कर 30731 पंजीकरणकर्तओं को कॉल वापस की गयी है। जिसमें सभी जनपदों की कार्यवाही संतोषजनक है। भविष्य में पंजीकरण को और अधिक बढाये जाने की आवश्यकता है। गौरा शक्ति मॉड्यूल के बारे मे गोष्ठी में उपस्थित अधिकरी कर्मचारियों से मॉडूयल के बारे में जानकारी ली गयी तो जनपद ऊधमसिंह नगर के महिला हैल्पलाईन काशीपुर में नियुक्त महिला आरक्षी निधि उपाध्याय ने विस्तृत जानकारी दी। जिसे पुरुस्कृत करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर को निर्देशित किया गया। महिलाओं के अधिकारो/कानून सम्बन्धी जानकारी एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु जागरुता कार्यक्रम के तहत परिक्षेत्रिय स्तर पर 2571 जागरुकता कार्यक्रम कर 1,02568 महिलाओ को लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार परिक्षेत्रीय जनपदों द्वारा महिला रक्षा सुरक्षा हेतु 258 आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर 23792 महिलाओ को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। महिला हैल्प लाईन काउन्सिलिंग सैल द्वारा वर्ष में अब तक परिक्षेत्र के जनपदों, ऊधमसिंह नगर में कुल प्रकरण 893 में 717, नैनीताल में 529 में से 377, अल्मोडा में 26 में से 19, पिथौरागढ में 59 में से 48, बागेश्वर में 97में से 78 तथा चम्वावत में 84 में 76 प्रकरण निस्तारित किये गये । इसी प्रकार कुमायूँ परिक्षेत्र के महिला हैल्प लाईन द्वारा 1688 प्रकरण में से 1315 का निस्तारण किया गया। जनपद बागेश्वर महिला हैल्पलाईन प्रभारी उनि मीना रावत ने बताया कि महिला हैल्प लाईन जनपद मुख्यालय में स्थित है जिसमें दूर-दराज के लोग जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है वो नहीं आ पाते तो, उनकी सम्बन्धित थाने के महिला हैल्प डैस्क में काउन्सिलिंग कराकर निस्तारण किया जा रहा है जिस पर आईजी ने सम्बन्धित महिला हैल्प डैस्क एवं महिला काउसिलिंग सैल को पुरुस्कृत करने हेतु पुलिस अधीक्षक बागेश्वर को निर्देशित किया । महिला हैल्प डेस्क कुमायूँ परिक्षेत्र के जनपदों के थानों में वर्ष में अब तक महिला डैस्क को कुल 5064 प्रकरण प्राप्त हुए जिसमें 2739 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया । आईजी ने कहा जनपदों में नियुक्त महिला चीता /स्पेशल महिला स्क्वार्ड को "गौरा शक्ति चीता स्क्वार्ड" का नाम दिया जाये । जिसका सभी थानो में गठन कर उनके नाम व मोबाईल नम्बर इस कार्यालय को उपलब्ध कराये जाये। प्रत्येक थाने में नियुक्त महिला उनि द्वारा क्षेत्र के एक बालिका, महिला क्रमशः स्कूल कालेज को गोद लेकर अध्ययनरत बालिकाओ महिलाओं को महिला अधिकारों एवं कानूनों की समय-समय जानकारी दी जाये तथा अपना मोबाईल नम्बर सभी छात्राओं को उपलब्ध कराये । उक्त योजन को "गौरा दीदी योजना" के नाम से चलाया जाये। प्रत्येक महिला उनि का नाम , मोबाईल नम्बर तथा गोद लिये गये स्कूल कालेज का नाम इस कार्यालय को 7 दिवस के भीतर उपलब्ध कराया जाये। गौरा दीदी योजना के कार्यों का परिवेक्षण जनपद स्तर पर महिला काउसिंलिंग सैल प्रभारी द्वारा किया जायेगा जिनका दायित्व होगा कि वह सूचना समय से परिक्षेत्र कार्यालय को उपलब्ध कराये ।

# मृदुला नारी शक्ति क्लब ने आयोजित किया योग शिविर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विश्व योग दिवस के मौके पर मृदुला नारी शक्ति क्लब द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि मेयर डॉक्टर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला ने शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है और आज पूरा विश्व योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ ले रहा है। हम सभी को अपने जीवन में योग को शामिल करना चाहिए। इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष नीतू अग्रवाल ने बताया कि संगठन विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से समाज के बीच कार्य कर रहा है। योग दिवस के मौके पर लोगों को योग के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं और यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। योग गुरु मुकेश रघुवंशी द्वारा योग आसन , प्राणायाम आदि के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया एवं छोटे छोटे बच्चों ने भी योगा किया। शिविर में सभी का निःशुल्क फुल बॉडी चेकअप किया गया और एक्युप्रेसर तकनीक से उपचार व उपाय की जानकारी दी। इस मौके पर पूर्व दर्जा राजयमंत्री तरुण बंसल, रितेश अग्रवाल, डॉक्टर कुशवाहा,






डॉक्टर सोमा पंत, डॉक्टर जय श्री तिवारी, डॉक्टर मोहन तिवारी मोजूद रहे। शिविर का संचालन दिपिंका अग्रवाल व पूजा अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में शिल्पा अग्रवाल, मीनू गुप्ता,सोनू जोशी, प्राची अग्रवाल, अंजली अग्रवाल, अनु गोयल, प्रियंका गुप्ता, निमिष गर्ग, पूजा सिंघल, ज्योति अग्रवाल का सहयोग रहा।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# कुपोषण का दुष्प्रभाव

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के मुताबिक भारत में दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले कहीं अधिक कुपोषित बच्चे हैं। केवल एक या दो वक्त पेट भरने के लिए अनाज का प्रबंध हो जाने से पोषण की गारंटी नहीं दी जा सकती।जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों में सबसे बड़ा संकट खाद्य उपलब्धता का रेखांकित किया जाता रहा है। पिछले साल के आंकड़ों को देखते हुए यह चिंता अब और गहरी होने लगी है। पिछले साल पूरी दुनिया में बीस करोड़ पचास लाख लोगों ने गंभीर खाद्य संकट का सामना किया। अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान की ओर से जारी की गई वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट में चिंता जाहिर की गई है कि 2050 तक खाद्य संकट की वजह से करीब 7.20 करोड़ लोगों के कुपोषित होने की आशंका है। इसके लिए संस्थान ने दुनिया के तमाम देशों को सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों को विकसित करने के लिए तुरंत सक्रिय होने की जरूरत बताई है।इसके लिए अनुकूल, समावेशी और लचीला दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है, ताकि संकट की स्थिति में इसे तुरंत प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा सके। जलवायु परिवर्तन का सबसे बुरा प्रभाव खेती-किसानी पर पड़ा है। कृषि उत्पादन में कमी दर्ज की जाने लगी है। कहीं अतिवृष्टि तो कहीं सूखे की वजह से बड़े पैमाने पर फसलें बर्बाद चली जाती हैं। इसलिए भी खासकर विकासशील और गरीब देशों में खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंता गहरी होती जा रही है। भारत के सामने यह संकट कई वजहों से बड़ा है। एक तो आबादी की दृष्टि से यह दुनिया का सबसे बड़ा देश बन गया है। दूसरी तरफ कृषि उत्पादन के मामले में कमी दर्ज हो रही है। हालांकि खाद्यान्न के मामले में भारत आत्मनिर्भर है, मगर जिस तरह उत्पादन में कमी दर्ज हो रही है और जो उत्पादन होता है, उसका पूरी तरह सुरक्षित भंडारण नहीं हो पाता, उसमें खाद्य सुरक्षा कानून का लंबे समय तक पालन कर पाना चुनौती बनता जा रहा है। पहले ही अस्सी करोड़ से अधिक आबादी को मुफ्त के राशन पर निर्भर रहना पड़ रहा है, उनके पास रोजगार के ऐसे साधन नहीं हैं कि वे अपना भोजन वे खुद जुटा सकें। इस तरह इस आबादी में कुपोषण की गंभीर समस्या है।विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के मुताबिक भारत में दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले कहीं अधिक कुपोषित बच्चे हैं। केवल एक या दो वक्त पेट भरने के लिए अनाज का प्रबंध हो जाने से पोषण की गारंटी नहीं दी जा सकती। समुचित पोषण के लिए फल, दूध, सब्जियों आदि की पर्याप्त उपलब्धता भी जरूरी है। इसके लिए कोई सरकारी प्रबंध नहीं है। ऐसे में कुपोषण की समस्या यहां बढ़ने की आशंका अधिक है। मगर भारतीय कृषि नीति और कृषि क्षेत्र के लिए बजट के निर्धारण को देखते हुए यही लगता है कि सरकार अभी इस संकट को लेकर गंभीर नहीं है। पिछले साल समय से पहले गर्मी का मौसम शुरू हो गया, तो गेहूं के दाने सिकुड़ गए। दलहन और तिलहन के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव दिखाई देने लगा। सबसे कमजोर पहलू भंडारण का है। अव्वल तो सरकारी खरीद अपेक्षित लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाती, फिर अनाज को खुले में प्लास्टिक आदि से ढंक कर रख दिया जाता है और असमय या अत्यधिक बारिश की वजह से हर साल बहुत सारा अनाज बर्बाद चला जाता है। नए गोदाम बनाने की तरफ ध्यान नहीं दिया जाता और पुराने गोदामों की मरम्मत में दिलचस्पी नहीं दिखाई जाती। ऐसे में खाद्यान्न की सार्वजनिक वितरण प्रणाली अक्सर चरमराती नजर आती है। लाभार्थियों को अनाज उपलब्ध कराया जाता है, उसकी गुणवत्ता स्वास्थ्य की दृष्टि से अच्छी नहीं मानी जाती। इसलिए दुनिया में आसन्न खाद्यान्न संकट के मद्देनजर भारत को कुछ अतिरिक्त रूप से सतर्क रहने की जरूरत है।

# नगर पालिका अध्यक्ष के लिए संभावित दावेदारों ने शुरू की तैयारियां

## कांग्रेस और भाजपा नेता अपनी दावेदारी मजबूत करने की कर रहे भरसक कोशिश

**-विक्की मंडल-**

शक्तिफार्म। नगर पालिका चुनाव में अभी तो समय है, लेकिन अभी से ही संभावित प्रत्याशियों की जनता में चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि अभी तक पालिका अध्यक्ष सीट का खुलासा नहीं हुआ है। पालिका अध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी का अभी तक कोई नाम सामने नहीं आया है। जबकि भाजपा के संभावित प्रत्याशियों की सूची लंबी होती नजर आ रही है। सूत्रों के अनुसार संभावित चेयरमैन प्रत्याशी में भाजपा के समर देवनाथ, विश्वजीत हालदार, अशोक मण्डल, उत्तम दास, रवि मजुमदार और निर्दलीय प्रत्याशी में सुमित मण्डल का नाम सामने आ रहा है। हालांकि इन नामों की अभी तक केवल आमजन में चर्चा है, लेकिन किसी तरह की पुष्टि नहीं की जा सकती है। वर्ष 2022 की विदाई के साथ ही नगर पालिका चुनाव को लेकर संभावित प्रत्याशियों ने कसरत शुरू कर दी थी। जमीनी स्तर से लेकर सोशल मीडिया तक पालिका अध्यक्ष पद के लिए संभावित प्रत्याशी सक्रिय देखे जा रहे हैं। शहर के 7 वार्डों में चुनाव लडने वाले संभावित सभासद पद के दावेदारों की लिस्ट भी लंबी होती जा रही है। इस बार चेयरमैन और सभासद के संभावित प्रत्याशियों में युवा चेहरे अधिक नजर आ रहे हैं। कांग्रेस की तरफ से अभी तक चेयरमैन और सभासद पद के लिए नामों की स्थिति साफ नहीं है। हालांकि अनुमान लगाया जा रहा है कि चुनाव वर्ष 2023 अक्टूबर-नबम्बर माह में होने हैं। इस बार चुनाव में मतदाताओं की संख्या भी पहले कि तुलना में काफी बढ़ गई है। नगर पालिका चुनाव में इस बार करीब 5600 मतदाता मतदान करेंगे। कांग्रेस, और भाजपा हाईकमान के फैसले के बाद ही शक्तिफार्म नगर पालिका अध्यक्ष और सभासद चुनाव में प्रत्याशियों की स्थिति साफ हो सकेगी। दिलचस्प ये होगा कि इस बार जनता किसके सिर पर ताज पहनाती है। पूर्व चेयरमैन स्व. सुकांत ब्रहम के देहांत के बाद शक्तिफार्म नगर पंचायत में पालिका अध्यक्ष पद के लिए उप चुनाव हुआ था। जिसमे भाजपा के सुनील विश्वास ने निर्दलीय कम उम्र के सुमित मण्डल को पराजित किया था। इस बार नगर पंचायत का चुनाव कुछ रोचक होने वाला है।जनता भी नगर पंचायत चुनाव को लेकर उत्तसाहित है।



# योग से तन और मन होता है स्वस्थ: ठुकराल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। योग दिवस पर आदर्श कॉलोनी जैन पार्क में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी प्रतिभाग कर लोगों के साथ योग किया। उन्होंने सभी से योग को अपनी दिनचर्या बनाने का आहवान किया। ठुकराल ने कहा कि योग से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। आज भी



बिगड़ती लाईफ स्टाईल में योग सबसे जरूरी है। योग से शरीर में संतुलन आता है। इस दौरान पवन जिंदल, राज नारायण, सुभाष नारंग, हरजीत खुराना, सोनू सेतिया, राजकुमार नागपाल, मधु बंसल, सिद्धनाथ, यशपाल गुलाटी, गोपी सागर, राजेश ग्रोवर, मनोज नागपाल, संजय राजपूत, दीपक देवल आदि लोग उपस्थित थे।

# रामनगर में योग शिविर आयोजित

रामनगर(उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रामनगर में विभिन्न स्थानों पर अनेक संगठनों द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। स्थानीय प्रगतिशील सांस्क्रतिक परिषद के मैदान में योगा ग्रुप रामनगर द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। विधायक प्रतिनिधि जगमोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि योग से शरीर तो निरोग रहता ही है मन भी शांत रहता है। कार्यक्रम में बोलते हुए ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत में सभी



महिलाओं को योग करने पर बल दिया। कार्यक्रम के आयोजक योगाचार्य डॉ कमल पटवाल द्वारा सभी को योग की विभिन्न मुद्राएं कराई गई। इस दौरान संचालक डॉ एसके कोटिया ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।इस दौरान अतुल मेहरोत्रा, डॉक्टर आरके खुराना, इंदर रावत, प्रदीप भंडारी, महेंद्र कश्यप,उमंग तिवारी, महेश कश्यप, प्रयाग कोहली, अमित कुमार, जसवीर सिंह, निशा, बबलिब, किरन, उषा जोशी सहित अनेको लोग मौजूद थे।

# हल्द्वानी में अनेक स्थानों पर मनाया योग दिवस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर के अनेक स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में योग प्रशिक्षक नीलम श्रीवास्तव तथा कार्तिकेय श्रीवास्तव द्वारा विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थियों को योगाचरण का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि योग के बल से हम अपनी इन्द्रियों पर विजय पाकर जीवन को खुशहाल बना सकते हैं। इस अवसर पर जानकी त्रिपाठी, डाक्टर मोहित जोशी, षीयूस पाण्डेय, धीरज सुयाल, प्रशांत, विशाल, अनीश उपस्थित रहे।भारत विकास परिषद शाखा काठगोदाम ने विश्व योग दिवस सामूहिक योग एवं प्राणायाम करके मनाया। प्रांतीय संगठन मन्त्री के बताया योग से शरीर एवं मन दोनों से स्वस्थ होता है एवं उसके सभी दोष, धातुए आदि सम्यवस्था मै होती है एवं सम्पूर्ण स्वास्थ्य अर्जित कर सकता है। योग शिक्षिका शिवानी जोशी एवं मुन्नी कार्की ने सभी सदस्यो को व्यायाम, योग एवं प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, योग निद्रा, शव आसन, क्रिया के विषय मै विस्तृत जानकारी दी एवं अभ्यास कराया। कार्यक्रम में अध्यक्ष दीपक अलकनंदा माहेश्वरी, नीरज रेनू शारदा, दीपक रेनू बिष्ट, ममता, ऋषिका खुल्लर, अनुज, सुजाता माहेश्वरी, सुनील, कनिका बमेटा, रेणुका गर्ग, डॉ भारत भूषण, मालती गर्ग, विशाल, गरिमा सिंघल, यशपाल, सीमा खांदुजा, गौरव, अल्पना नेगी, सुशील, पूनम बंसल,आदि सदस्यो ने योग एवं प्राणायाम की विभिन्न विधाओं का अभ्यास किया। अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के पर सेवानिवृत्ति बीमा कर्मचारी जन कल्याण समिति तथा हल्द्वानी डिवीजन रिटायर्ड बीमा कर्मचारी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में गणेश विहार, छोटी मुखानी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया गया। इसमें नाक, कान, गला, दाँत, आँख के अलावा सुगर और ब्लड प्रेसर की जाँचे की गई। बड़ी संख्या में लोगो ने इस शिविर में अपनी जाचे करवाई। वरिष्ठ डाक्टर एचएल कुशवाह द्वारा सभी मरीजों का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर आरसीएस राणा, बीडी नरवाल, एसपीएस बिष्ट, विनोद सिंह आर्य, सौरभ तिवारी, भुवन पंत, आरपी पांडे आदि उपस्थित थे।





# गरीब तबके के लोगों मिल रहा केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ : अरविंद पांडेय

गदरपुर (उद संवाददाता)। विधानसभा के भाजपा विधायक अरविंद पांडे ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एवं केंद्र सरकार के सफलतम 9 वर्ष सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को लेकर महा जनसंपर्क की शुरुआत की है। क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने जनसंपर्क की शुरुआत गदरपुर नगर के खोखा फल व्यवसाई एवं गरीब तबके के लोगों को केंद्र सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियां बताते हुए आने वाले



लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की वहीं उन्होंने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोरोना काल से लेकर आज तक केंद्र सरकार की हर योजना में गरीब जनता के हित को देखते हुए फैसलों को लिया है जिसका सीधा लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को भी मिल रहा है उन्होंने कहा केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार लगातार जनता के हित के लिए काम कर रही है और सदैव करती रहेगी उन्होंने कहां गदरपुर विधानसभा का एक व्यक्ति नरेंद्र मोदी के लिए समर्पित है। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारियों सहित सैकड़ों की संख्या मे खोखे फड़ एवं टुकटुक व्यवसाई उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने दी योग दिवस की शुभकामनाएं

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा की योग शरीर, मस्तिष्क एवं आत्मा को एक सकारात्मक व स्वस्थ जीवन जीने की शक्ति देता है। योग हमें सिखाता है कि कैसे संतुलित जीवन जिया जा सकता है। उन्होंने कहा की योग स्वस्थ शरीर, संतुलित मन, श्रेष्ठ विचारों का उपाय है और हमें हमारी आत्मा से जोड़ता है। हमें सकारात्मक ऊर्जा की आवश्यकता है, जो तनाव को दूर रखे और हमें अपने कार्य को पूरा करने की शक्ति प्रदान करे, यह सब योग के नित्य अभ्यास से ही संभव है। राज्यपाल ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद योग और प्राणायाम का महत्व और भी बढ़ गया है। कोरोना महामारी ने हमें स्वास्थ्य का ध्यान रखने व प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का सबक सिखाया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड योग प्रदेश है यहां हरिद्वार और ऋषिकेश योग के लिए विश्व प्रसिद्ध हैं। पूरे विश्व को योग की प्रेरणा भारत से ही मिली है।

# टीआईटीपी प्रशिक्षण योजना के लिए युवाओं का पंजीकरण शुरू

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जिला सेवायोजन अधिकारी आरके पन्त ने बताया कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा 'मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना' का शुभारम्भ किया गया है। जिसका उद्देश्य विदेशों में रोजगार करने के इच्छुक युवाओं का कौशल उन्नयन कर उन्हें विदेशों में विदेशों में रोजगार दिलाना है। उन्होने बताया कि योजना के अन्तर्गत द्वितीय चरण में भारत-जापान तकनीकी इंटर्न प्रशिक्षण कार्यक्रम (टीआईटीपी)हेतु युवाओं का पंजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत भारत-जापान तकनीकी इंटर्न प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को जापान में केयर क्षेत्र में रोजगार अवसरों से जोड़े जाने हेतु द्वितीय बैच का मोबिलाइजेशन किया जा रहा है। उन्होने बताया कि भारत-जापान तकनीकी इंटर्न प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत युवाओं को पांच साल इंटर्न के रूप में रखा जायेगा, जिसमे 09 लाख से 1.50 लाख प्रतिमाह स्टाईपेण्ड दिया जायेगा।उन्होने ऐसे इच्छुक युवा जिनकी आयु 21 से 27 वर्ष एवं शैक्षिक योग्यता बीएससी नर्सिंग जीएनएम, एएनएम, आयुष, स्किल ट्रेनिंग इन जीडीए,एवं होम हेल्थ ऐड जॉब रोल हेल्थ प्रमोशन कोर्स उत्तीर्ण हैं वे अपने क्षेत्र के सेवायोजन कार्यालय में या अपणी सरकार पोर्टल पर स्वंय अपना पंजीकरण करा सकते है। उन्होने बताया कि पंजीकृत युवाओं को सेवायोजन विभाग के अन्तर्गत विदेश प्रकोष्ठ कार्यालय सहसपुर देहरादून के माध्यम से तीन माह का प्रशिक्षण दिया जायेगा जिसमे उनके कौशल उन्नयन हेतु जापनी भाषा का प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होने जनपद के समस्त प्राचार्य नर्सिंग कॉलेज व समस्त प्रबन्धक कौशल विकास केन्द्र से के है कि आपके केन्द्रों से उक्त जॉब रोल में प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षणार्थियों को सूचित करें ताकि इच्छुक युवा विदेशों में रोजगार हेतु अपना पंजीकरण लिंक http://eservices.uk.gov.in@service@overseas-employmetn-registration (अपणी सरकार पोर्टल) करा सकें। उन्होने बताया कि कार्यक्रम की अधिक जानकारी हेतु टोल फ्री नम्बर-18008914414 या 155267 पर सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होने बताया कि पंजीयन की अन्तिम तिथि 24 जून, 2023 है।


CONSTRUCTING HAPPINESS
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
RERA
APPROVED
PROJECT
UKREP05230000497
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
40 एवं 30 फीट की सड़कें
4 पार्क
गेट बंद कॉलोनी
सीव्रेज व्यवस्था
ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर
86504-18000